FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : आठवीं | **विषय : विज्ञान**

PAPER CODE : 8071 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' (अंक 05)

LO - SCI-810 - परिवेश की सामग्रियों का उपयोग करके मॉडलों का निर्माण करते हैं।

गतिविधि 1. सौरमंडल का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह अपने परिवेश में उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग कर सौर मंडल के चलित मॉडल का निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

गतिविधि 2. विद्युतदर्शी का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह अपने आस–पास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर विद्युतदर्शी के मॉडल का निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

गतिविधि 3. पादप जंतु कोशिका का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह अपने आस–पास उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग कर पादप कोशिका या जंतु कोशिका के मॉडल का निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO - SCI-814 - डिजाइन बनाने, योजना बनाने एवं उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने में रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हैं।

गतिविधि 4. आकाशीय पिण्डों की जानकारी

पत्र–पत्रिकाओं से आकाशीय पिण्डों की रोचक जानकारी एकत्र कर चार्ट पर चिपका कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

गतिविधि 5. प्लास्टिक के दुष्परिणाम

अपने घर के आस–पास, शाला, गाँव/शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी पत्र–पत्रिकाओं (अखबार) के माध्यम से एकत्र करें। चार्ट पर चिपका कर कक्षा के साथियों से चर्चा करें।

गतिविधि 6. ग्रीन हाऊस प्रभाव

ग्रीन हाऊस प्रभाव से संबंधित जानकारी पत्र–पत्रिकाओं से एकत्र करें। अपने परिवार, आस–पड़ोस के लोगों से इस पर चर्चा करें। उनसे प्राप्त मुख्य बिन्दुओं को लिखकर कक्षा में साथियों से चर्चा करें।